कार्यालय उप निदेशक निर्माण एवं संयंत्र (विद्युत)

गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर जिला–ऊधमसिंहनगर (उत्तराखंड)

पत्रांकः वि. ख./4781 दिनांक : 09.12.2020

आवश्यक सूचना

समस्त अधिष्ठाता/निदेशक,
विभागाध्यक्ष एवं सभी सम्मानित उपभोक्ता

आप सभी से अनुरोध है कि विश्वविद्यालय परिसर, के सभी कार्यालयों, प्रयोगशालाओं, लैक्चर हालो, छात्रावासों, दुकानो एवं आवासों आदि में अनांवश्यक रुप से विद्युत चलित लाइटें, हीटर/ब्लोवर/ऐ.सी. विद्युत उपकरण आदि चलते न छोडे एवं कार्यालयों, प्रयोगशालाओं लैक्चर हालों, तथा आवासों आदि में हीटर /ब्लोवर/ऐ.सी. का प्रयोग आवश्यकता पड़ने पर ही करें, जिससे कि अनावश्यक रुप से विद्युत खपत को रोका जा सके। यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि अनावश्यक रुप से विद्युत उपकरण चलते रहने से विद्युत खपत में तो वृद्वि होती ही है, इसके अतिरिक्त विद्युत अधिष्ठापन तथा ट्रान्सफार्मरों आदि पर भी लोड़ बढ़ता है अधिक लोड बढ़ने के कारण विद्युत आपूर्ति भी बार–बार वांधित होती रहती है एवं विद्युत अधिष्ठापन तथा ट्रान्सफार्मरों के खराब होने की सम्भावना काफी बढ़ जाती है तथा किसी अप्रिय घटना की सम्भावना भी बनी रहती है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि कृपया अपने अधीनस्थ सभी छात्र/छात्राओं, कर्मचारियों/अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करे कि वे आवश्यकता पड़ने पर ही विद्युत का प्रयोग करें, अनावश्यक रुप से किसी भी विद्युत उपकरण को चलता हुआ न छोड़े ताकि विद्युत खपत में अकारण वृद्वि न हो जिससे कि विश्वविद्यालय को अतिरिक्त व्यय भार न वहन करना पड़े।

9-12-20

उपनिदेशक नि0 एवं सं0 (विद्युत)

प्रतिलिपिः – कुलपति जी के विशेष कार्याधिकारी को कुलपति जी के सूचनार्थ।